# विपक्ष का मजाक बना लोकतंत्र - शिवराज

**शिवराज बोले- चर्चा से भागे किसानों के 11 सवाल टाले**

**विपक्ष लोकसभा और राज्यसभा को हंगामे की भेंट चढ़ रहे**



**नई दिल्ली, 23 जुलाई. संसद के मॉनसून सत्र में जारी गतिरोध के बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने विपक्षी दलों पर लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच संसद को हुल्लड़, हंगामा और हुड़दंग तंत्र में बदलने का गंभीर आरोप लगाया है, जिससे सदन की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है.शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए विपक्षी गठबंधन को पाखंडी करार दिया.**

उन्होंने कहा विपक्ष महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से लगातार भाग रहा है. अपनी पोस्ट में चौहान ने लिखा, मैं हाथ जोड़ता रहा कि चर्चा होने दें. किसानों और गरीबों से संबंधित 11 प्रश्न थे. लेकिन विपक्ष भाग गया. चौहान का इशारा इस ओर था कि विपक्ष सदन के बाहर विभिन्न मुद्दों पर बयानबाजी करता है, लेकिन जब संसद में चर्चा का अवसर आता है तो वह कार्यवाही में बाधा डालता है. चौहान का यह बयान ऐसे समय में आया है जब संसद के दोनों सदन, लगातार हंगामें की भेंट चढ़ रहे हैं. सत्र के शुरुआती दिनों में भी विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शनों के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल जैसे महत्वपूर्ण विधायी कार्य बाधित हुए हैं.

### हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं - प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश में चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं. उन्होंने महाराष्ट्र और कर्नाटक चुनावों में बेईमानी का दावा किया. प्रियंका गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट नहीं दी गई और वीडियोग्राफी दिखाने पर नियम बदल दिए गए .अब बिहार में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इसके बहाने नई वोटर लिस्ट बनाई जा रही है.

### भाजपा करते नफरत की राजनीति- यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने और लोगों में दूरियां पैदा करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि सपा सभी धर्मों का सम्मान करती है, जबकि भाजपा हर जोड़ने वाली चीज से चिढ़ती है और नकारात्मक लोगों का समूह है. यादव ने दावा किया कि भाजपा पीडीए के खिलाफ है और उनकी सरकार के बुनकरों व पसमांदा मुसलमानों के लिए हुए काम रोक दिए.

## पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत

**हिसार, 23 जुलाई.** हरियाणा में हिसार शहर के मंगाली गांव की पुलिस चौकी में एक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी.मंगाली झारा गांव निवासी 48 वर्षीय संजय कांटीवाल को पुलिस मंगलवार रात को पकड़कर लायी थी. संजय की पत्नी ने ही पति के खिलाफ शराब के नशे में झगड़ा करने की शिकायत डायल 112 पर की थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे हवालात में बंद किया था. बुधवार सुबह हवालात में उसकी मौत हो गयी. हवालात में व्यक्ति की मौत के बाद पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन मंगाली चौकी पहुंचे. फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है. गांव के काफी लोग मंगाली चौकी के बाहर एकत्रित हो गये.

# प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

**प्रधानमंत्री ने तिलक को बताया विचारों और स्वराज का अग्रदूत**

**स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार, आज भी प्रासंगिक**





**नई दिल्ली, 23 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महान स्वतंत्रता सेनानियों अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर दोनों महानुभावों के राष्ट्र निर्माण में दिए योगदान को याद किया.**

पीएम ने चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे. उन्होंने अपने पोस्ट में उल्लेख किया कि भारत की स्वतंत्रता की खोज में आजाद की भूमिका अत्यंत मूल्यवान है और उनका जीवन आज भी देश के युवाओं को साहस और दृढ़ विश्वास के साथ न्याय के लिए खड़े होने हेतु प्रेरित करता है. चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में हुआ था. पीएम ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को याद कर कहा कि तिलक एक अग्रणी नेता थे,

# मुख्यमंत्री योगी ने किया रुद्राभिषेक

## जल-दूध-रस से पूजा संपन्न की, लोकमंगल की कामना भी की



**गोरखपुर, 23 जुलाई. पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की.**


प्राचीन मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद जल, गोदुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर के विद्वतपुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंनेदेवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह आदि भी मौजूद रहे.

## अमरोहा में हत्या के मामले में 7 को उम्रकैद

**अमरोहा, 23जुलाई.** अमरोहा की एक अदालत ने प्रेम प्रसंग से जुड़े एक हत्या मामले में सात लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है. यह त्वरित फैसला महज15 महीने की सुनवाई के बाद आया है. अभियोजन पक्ष के अनुसार, ढक्का गांव के उवैस का पड़ोसनअकसा से प्रेम प्रसंग था.अकसा की सगाई होने के बाद भी उवैस संपर्क में रहा, जिस पर अकसा और उसके मंगेतर मुरसलीन ने उवैस की हत्या की साजिश रची.2 जनवरी 2024 को अकसा ने उवैस को बुलाकर गोली मरवा दी.पुलिस जांच में इरशाद, अकसा, नवाजिश, मुरसलीन, अमित, सेठी और पिंटू का नाम सामने आया. अदालत ने इन सभी को सश्रम आजीवन कारावास और एक लाख 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है.

# तनुश्री दत्ता बोलीं- घर में हो रहा शोषण!

## एक्ट्रेस क्रोनिक थकावट सिंड्रोम से पीड़ित, पुलिस जांच में जुटी



**मुंबई,23 जुलाई. बॉलीवुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता एक बार फिर सुर्खियों में हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह रोते हुए दिख रही हैं और दावा कर रही हैं कि पिछले कई सालों से अपने ही घर में उन्हें शोषण और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है.**

वीडियो के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने उनके निवास पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.तनुश्री ने अपने वीडियो में कहा कि वह पिछले चार-पांच साल से इस उत्पीड़न से जूझ रही हैं, जिससे उनकी तबीयत खराब हो गई है और वह कोई काम नहीं कर पा रही हैं. उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें घर में काम करने वाले तक नहीं मिल रहे, क्योंकि उनके अनुसार घर में प्लांट किए गए लोग उनके आसपास मौजूद हैं. हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके आरोप किन लोगों पर हैं. उन्होंने जल्द ही पुलिस स्टेशन जाकर पूरी शिकायत दर्ज कराने की बात कही है. अभिनेत्री ने एक और वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें उनके घर के बाहर अंधेरे में रहस्यमयी आवाज़ें सुनाई दे रही हैं. उन्होंने दावा किया कि यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि साल 2020 से वह इस तरह की तेज़, धमाकेदार और विचलित करने वाली आवाज़ों का सामना कर रही हैं. उन्होंने लिखा, अब मैंने हार मान ली है. मैं मंत्रों वाले हेडफोन पहनती हूं ताकि खुद को इन आवाज़ों से अलग कर सकूं.तनुश्री ने अपनी सेहत को लेकर भी चिंता जताई है.

## पटना में जनसुराज मार्च पर लाठीचार्ज

**पटना, 23 जुलाई.** जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर के नेतृत्व में आज पटना में विधानसभा घेराव के लिए निकले कार्यकर्ताओं को पुलिस के भारी बंदोबस्त और लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा. प्रदर्शनकारी विधानसभा तक नहीं पहुंच पाए और कई कार्यकर्ता घायल हो गए.प्रदर्शनकारियों का काफिला चितकोहरा पुल पर ही रोक दिया गया.जनसुराज ने दावा किया कि वे शांतिपूर्ण मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बिना चेतावनी लाठीचार्ज कर दिया. प्रशांत किशोर भी गर्दनीबाग या विधानसभा नहीं पहुंच पाए.जनसुराज पार्टी गरीब परिवारों को रोजगार सहायता, दलित भूमिहीनों को जमीन और भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रही थी.

## समस्तीपुर में सरपंच की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर, 23 जुलाई.** बिहार में समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने आज तड़के विशनपुर बेरी पंचायत के सरपंच सुनील राय की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मटिऔर गांव निवासी और सरपंच सुनील राय एवं उनके पट्टीदार सुधीर राय के बीच आपसी विवाद चला आ रहा था. इसी विवाद को लेकर सुधीर राय ने अपने समर्थकों के साथ सरपंच के बथान पर बुधवार तड़के धावा बोल दिया. सरपंच सुनील राय द्वारा प्रतिरोध करने पर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते मौके पर पहुंची मामले की छानबीन शुरू कर दी है. इस घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

# नई ट्रेन न मिलने पर लोकसभा में नोकझोंक

- रेल मंत्री बोले- चलाईं 5 अमृत भारत ट्रेनें
- बिहार के रेल बजट में भारी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 23जुलाई. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल यूनाइटेड के सांसद गिरिधारी यादव ने बुधवार को लोकसभा में दावा किया कि पिछले 11 सालों में बिहार को एक भी नई ट्रेन नहीं मिली, जबकि केंद्र में राजग सरकार बनाने में बिहार की बड़ी भूमिका रही है. उनके बयान पर सदन में हंगामा देखने को मिला.**

बिहार के बांका से लोकसभा सदस्य यादव ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न पूछते हुए रेल मंत्री से पूछा, राजग सरकार लाने में बिहार की बड़ी भूमिका है.

रेल मंत्री बताएंगे कि क्या उन्होंने पिछले 11 साल में पटना से दिल्ली और पटना से बेंगलुरु के बीच कोई ट्रेन शुरू की है? इतनी लंबी प्रतीक्षा सूची होने के बावजूद बिहार को कोई नई ट्रेन नहीं दी गई.उन्होंने सवाल किया कि क्या रेल मंत्री इन मार्गों पर नई रेलगाड़ी चलाना चाहते हैं.



यादव के सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनके दावों को खारिज करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बिहार के लिए पांच नई अमृत भारत रेलगाड़ियां चलाई हैं. वैष्णव ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री का बिहार के विकास पर विशेष ध्यान है और अमृत भारत ट्रेनें गरीब से गरीब वर्ग को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं .रेल मंत्री ने बिहार के लिए रेलवे बजट में हुई वृद्धि का भी जिक्र किया. उन्होंने बताया कि 11 साल पहले बिहार में रेल परियोजनाओं के लिए सिर्फ 1132 करोड़ रुपये का आवंटन होता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपये कर दिया है. वैष्णव ने यह भी कहा कि बिहार में कई पुरानी रेल परियोजनाओं को भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है.

# केजरीवाल बोले- भाजपा घमंडी सरकार

- केजरीवाल ने डेयरी घोटाले का जिक्र करते हुए हमला
- केजरीवाल का बीजेपी राज्य में दूसरा दौरा



**मोडासा,23 जुलाई.आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ गुजरात के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की.**

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य में भाजपा सरकार को घेरना और हाल ही में पशुपालक किसानों पर हुए लाठीचार्ज तथा एक किसान, अशोक चौधरी की मौत के मामले को उठाना है। इसके साथ ही,आप विधायक चैतरवसावा की गिरफ्तारी का मुद्दा भी गरमाया हुआ है, जिनके समर्थन में केजरीवाल रैलियां कर रहे हैं। मोडासा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए. उन्होंने आरोप लगाया कि 30 साल की सत्ता ने भाजपा को निरंकुश और घमंडी बना दिया है, और यह सरकार किसानों व पशुपालकों पर अत्याचार कर रही है. केजरीवाल ने साबर डेयरी से जुड़े भ्रष्टाचार का भी जिक्र किया, जहां पशुपालक दूध के उचित दाम की मांग कर रहे हैं. केजरीवाल ने कहा कि जब किसान अपना हक मांगते हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं. उन्होंने भाजपा को अमीरों और उद्योगपतियों की सरकार बताया, जो गरीबों और किसानों की परवाह नहीं करती. पशुपालक किसान अशोक चौधरी की मौत का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और अब जनता का गुस्सा ही इस अहंकारी सत्ता का अंत करेगा. उन्होंने 1985 की घटना का भी हवाला दिया, जब कांग्रेस सरकार ने किसानों पर गोलियां चलवाई थीं और उसके बाद वह गुजरात में कभी सत्ता में वापस नहीं आ पाई.

मुख्यमंत्री मान ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी लूट अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी और गुजरात की जनता के पास झाड़ू का बटन आ गया है, जिससे पूरे हिंदुस्तान की बदहाल व्यवस्था को साफ किया जाएगा. केजरीवाल और मान की यह यात्रा पशुपालक किसानों को समर्थन देने और चैतरवसावा की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित की जा रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंतर सिंह पुत्र** खोम सिंह **निवासी** मकान नं. 113, आकाश नगर, शेरपुर, तालाब के पास, चंदन नगर, इंदौर (म0प्र0), ने **FIR No. 337/2023, U/S 380 IPC, पुलिस स्टेशन प्रसाद नगर, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंतर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंतर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 337/2023, U/S 380 IPC, पुलिस स्टेशन प्रसाद नगर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अंतर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री करणबीर सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02,**
**सैंट्रल जिला, कमरा नं0-26,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9714/CD/2025**
**(Court Matter)**


## एक नजर में



### पृथ्वी की रफ्तार बढ़ी, छोटे हो रहे दिन

**कैलिफ़ोर्निया.** इस गर्मी में पृथ्वी अपनी धुरी पर तेजी से घूम रही है, जिससे दिन छोटे हो रहे हैं. वैज्ञानिकों के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि इससे समय की गणना प्रभावित हो सकती है.हाल ही में, 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन रिकॉर्ड किया गया, जो 24 घंटे से 1.36मिलीसेकंड कम था.22 जुलाई को भी दिन 1.34मिलीसेकंड छोटा रहा, और 5 अगस्त को भी यही ट्रेंड जारी रहने का अनुमान है.वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण और पृथ्वी के आंतरिक कोर जैसे कारक पृथ्वी की घूमने की गति को प्रभावित करते हैं. हालांकि यह अंतर मिलीसेकंड में है और रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं डालता, लेकिन लंबे समय में यह कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है.विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि 1972 से पृथ्वी की गति तेज हो रही है, और यह छोटे दिनों का सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है.

### पाकिस्तान में बारिश, 13 की मौत


**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और तीन घायल हुए हैं .प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यह जानकारी दी. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेतावनी जारी की है.एनडीएमए ने बताया जून अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है. भारी बारिश से खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के कई जिलों में अचानक बाढ़ आ गयी. घरों को नुकसान पहुंचा है और नदियों तथा नालों में जल स्तर बढ़ गया है.

### कुकी गुटों में खूनी संघर्ष, 5 अलगाववादी मारे गए

**नोनी.** मणिपुर के नोनी जिले के देइवेंगजांग गांव में मंगलवार को कुकी समुदाय के दो गुटों ,चिन कुकी मिजो आर्मी (सीकेएमए) और यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए)के बीच हिंसक मुठभेड़ हुई, जिसमें सीकेएमए के पांच सदस्य मारे गए. यह संघर्ष जंगलों में हुआ, जो नुंगबा से करीब 50 किलोमीटर दूर है और संचार व सड़क सुविधाओं से कटा हुआ है. मारे गए युवकों की पहचान एलेक्स, सेइबोई, पंग्बा, रिंगो और रैम्बो के रूप में हुई है. सूत्रों के अनुसार बताया गया कि सीकेएमए, यूकेएनए से अलग होकर बना संगठन है. दोनों संगठन केंद्र के 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स' समझौते से बाहर हैं, जिससे बातचीत की प्रक्रिया पर असर पड़ रहा है.

# दिल्ली एनसीआर में जोरदार बारिश

**मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट**



**नईदिल्ली, 23 जुलाई. दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अनके हिस्सों में आज सुबह हुयी भारी बारिश से जलभराव और यातायात जाम की समस्याएं देखने को मिली.**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें मध्यम से भारी बारिश, गरज के साथ छींटे और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे स्पीड से हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है. रेड अलर्ट में प्रीत विहार, शाहदरा, सीलमपुर, विवेक विहार, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, पलवल, होडल, अलीगढ़, बुलंदशहर और मथुरा शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा और राजस्थान के पड़ोसी क्षेत्रों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।बारिश के कारण होने वाले जल भराव और यातयात जाम से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तीन प्रमुख चौराहों पर बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचे के उन्नयन की योजना बना रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और आईटीओ जाने वाले मार्ग शामिल हैं। सिग्नल के कारण होने वाली देरी और भीड़भाड़ कम करने के लिए इन स्थानों पर एलिवेटेड कॉरिडोर या अंडरपास बनाने की योजनाएं हैं.

1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती रामकन्या पति श्री चतुर्भुज पाटीदार, 2. श्री संजय पिता श्री चतुर्भुज पाटीदार, 3. श्री सचिन पिता श्री चतुर्भुज पाटीदार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति सर्वे नं. 1300/2 ग्राम खजराना तहसील जुनी इंदौर जिला इंदौर पर स्थित है। मुलतः सदर संपत्ति श्री चतुर्भुज पाटीदार पिता चुन्नीलाल पाटीदार को आपसी सहमति से पारिवारिक बटवारे में प्राप्त हुई थी। तत्पश्चात उनका स्वर्गवास होकर उक्त संपत्ति उपरोक्त स्वामीयों को उनके वारिस नाते प्राप्त हुई है। सदर संपत्ति को मेरी पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है, अतः सदर सम्पत्ति बाबद किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग आदि को एवं वारीस बाबद किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजो प्रमाण हमें सूचित करें अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी।

**आर. सी. बड़जात्या, हाईकोर्ट ऐडवोकेट**
**फ्लैट न 1 स्टेट बैंक अभिलाषा सोसायटी, 23/2 मनोरमागंज, इंदौर(म.प्र.)**
**मो. न. 9425052001**


## बड़ा फैसला : ओडिशा में दो नई सुरक्षा बटालियन को दी मंजूर

**भुवनेश्वर, 23 जुलाई.** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को ओडिशा औद्योगिक सुरक्षा बल की दो और बटालियनों के गठन को मंजूरी दे दी जिससे प्रदेश में बटालियनों की कुल संख्या बढ़कर चार हो गई.


**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** HDFC BANK We understand your world

**एचडीएफसी बैंक लि. स्कीम नं. 94, सेक्टर-बी, रिंग रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010**

**सरफासी एक्ट, 2002 के अंतर्गत सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) सहपठित नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं एवं सह-आवेदकों को सूचना दी जाती है। सूचना प्राप्ति से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की जाती है। चूंकि यह नोटिस डाक के माध्यम से ऋणगृहिताओं को नहीं दिया गया था, इसलिए इसे उक्त अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है, अत: ऋणगृहिता एवं सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न हस्ताक्षरकर्ता के नीचे वर्णित बंधक सम्पत्ति का आधिपत्य 60 दिन पश्चात् अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया जाएगा।

ऋणगृहिता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें तथा यदि कोई संव्यवहार किया गया हो तो वह **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि., एचडीएफसी बैंक लि., स्कीम नं. 94, सेक्टर-बी, रिंग रोड़, बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010** के ऋणगृहिताओं के समक्ष राशि के चार्ज के अधीन होगा।

| क्र. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार का नाम व पता एवं खाता नम्बर | सूचना दिनांक / अतिदेय की रकम |
|---|---|---|
| 1 | **प्रतीक शर्मा (ऋणी)** **अनिल शर्मा (सह-ऋणी)** **पता :** वार्ड नं.08, शिव कॉलोनी, धामनोद, धामनोद मध्य प्रदेश 454552 | **04-04-2025** / **₹ 20,76,799.66** |

चल संपत्ति का विवरण

| Product | Loan No. | Model | Reg.No. | Engine No. | Chasis No. |
|---|---|---|---|---|---|
| LIGHT COMMERCIAL VEHICLE LOAN | 130463975 | EICHER PRO 3015 S CBC BS VI | CG04NU 7370 | E426CDN E395351 | MC2H3JRC 0NE208701 |

| क्र. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार का नाम व पता एवं खाता नम्बर | सूचना दिनांक / अतिदेय की रकम |
|---|---|---|
| 2 | **पुष्पेन्द्र कुमार त्रिफला (ऋणी)** **किरण पाण्डे (सह-ऋणी)** पता : मकान नं.246/7 न्यू जगदीश नगर, इन्दौर मध्य प्रदेश 452015 | **16-04-2025** / **₹ 1,33,609.3** |

चल संपत्ति का विवरण

| Product | Loan No. | Model | Reg.No. | Engine No. | Chasis No. |
|---|---|---|---|---|---|
| ULTRA LIGHT COMMERCIAL VEHICLE | 114602016 | MARUTI SUPER CARRY | MP09LR 4129 | G12BN 848535 | MA3EZLF1 T00179680 |

**स्थान : इंदौर (म.प्र.)**
**दिनांक : 24-07-2025**

**हस्ते /- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.,**



**Form No. IV**
**(See Sub rule 2(a) of Rule 5)**
**(Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub-rule 2A)**
**of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.**
**BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**
**2nd & 3rd Floor, Sachar Vikas Bhawan (BSNL Building),**
**Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur (M.P.) 482001**

**Date:...............** **CASE NO. OA NO. 303/2025**

**Central Bank of India,** **APPLICANT**

VERSUS

**M/s One Stop Legal Tech Solutions Pvt. Ltd. & Others DEFENDANTS**

3. **Chanchal Gupta S/o Shri Narayan Gupta**
R/o 5, Kanadia Road, Sanchar Nagar, Main Kanadiya, Indore (M.P.) 452016

Wheareas, OA No. 303/25 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 21.05.2025.

Whereas this Hon'ble Tribunal pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 52,41,957/-** with expenses & future interest.

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under :-

1. To show case within thirty days of the service of the summons as to why relief prayed for should not be granted.
2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No.3-A of the application.
3. You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No.3-A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise. except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and /or other assets and properties specified or disclosed under Serial No.3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets

You are also directed to file the Written Statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **25.11.2025 at 10:30 AM** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of the Tribunal on this the **14th day of July, 2025.**

SEAL

**Registrar**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**